# सूचना लेखन

सूचना का अर्थ होता है, कोई जानकारी। सूचना के अंतर्गत कोई बात, समाचार, संदेश आता है, जो किसी व्यक्ति या व्यक्ति के समूह को बताना होता है, ताकि उस खबर को वह जान सके।

## Topic Notes

- अंक विभाजन
- सूचना लेखन की परिभाषा
- सूचना लेखन के उद्देश्य
- सूचना के प्रकार

सूचना कम शब्दों में औपचारिक शैली में लिखी गई संक्षिप्त जानकारी होती है। किसी विशेष सूचना को सार्वजनिक करना 'सूचना-लेखन' कहलाता है।

दूसरे शब्दों में, "दिनांक और स्थान के साथ भविष्य में होने वाले कार्यक्रमों आदि के विषय में दी गई लिखित जानकारी सूचना कहलाती है।"

सरल शब्दों में, "संबंधित व्यक्तियों को विशेष जानकारी देना ही सूचना-लेखन कहलाता है।"

| अंक विभाजन | |
|---|---|
| औपचारिकताएँ | 1 अंक |
| विषय-सामग्री | 3 अंक |
| सटीक शब्दों तथा वाक्यों का चयन एवं भाषा की शुद्धता | 1 अंक |
| कुल अंक | 5 अंक |

# सूचना लेखन की परिभाषा

**जे. बेकर** के अनुसार, ''उन तथ्यों को सूचना कहते हैं जो किसी विषय से संबंध रखते हैं।"

**हॉफमैन** के अनुसार, "सूचना वक्तव्यों, तथ्यों और आकृतियों का संकलन होता है।"

# सूचना लेखन के उद्देश्य

- सभी को एक साथ सामूहिक रूप से सूचना देना।
- आगामी घटना या कार्यक्रम के विषय में पूर्व-सूचना देना।

**प्रारूप**

............ **संस्था का नाम** ............

सूचना

दिनांक : ............ सूचना का विषय ............

सूचना को लिखें ........................................................................................................

........................................................................................................................

सूचना देने वाले व्यक्ति के हस्ताक्षर, उसका नाम

सूचना देने वाले व्यक्ति का पद

**स्मरणीय बिंदु**

- *सूचना प्रायः तीन या चार वाक्यों में लिखी जानी चाहिए।*
- *सूचना पूर्ण और आसानी से समझ में आने वाली होनी चाहिए।*
- *सूचना सरल शब्दों में लिखी जानी चाहिए।*
- *सूचना की भाषा प्रभावपूर्ण और शिष्ट शैली में लिखी जानी चाहिए।*
- *सूचना की लिखावट पठनीय होनी चाहिए।*
- *सूचना देने वाले का नाम या स्थान विशेष की जानकारी अवश्य होनी चाहिए।*
- *जिस विशिष्ट व्यक्तित्व के द्वारा सूचना जारी की जा रही है, उसके हस्ताक्षर, उसकी पदवी तथा नाम अवश्य लिखा जाना चाहिए।*
- *शब्द-सीमा का पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए।*

# सूचना के प्रकार

**सूचना के प्रकार**

- किसी घटना, परिणाम, विषय की घोषणा
- कार्यक्रम के आयोजन अथवा परिवर्तन की सूचना
- प्रतियोगिता, भ्रमण, उत्सव, अवकाश, परीक्षा आदि की सूचना
- नाम परिवर्तन व खोया-पाया की सूचना
- निमंत्रण देना (सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए)

## 1. घटना, परिणाम, विषय की घोषणा

इस प्रकार की सूचना हेतु हमें निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए-

सर्वप्रथम विषय को स्पष्ट कर दें; घटना हेतु सूचित करने व सहायता हेतु कार्य करने के निर्देश मूलत: स्पष्ट होने चाहिए ताकि पाठक को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न हो।

**आवश्यक बिंदु :** घटना का वर्णन, निश्चित धन राशि, विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट

उदाहरण : **विद्यालय के प्रधानाचार्या की ओर से बिहार में घटित बाढ़-पीड़ितों की सहायता हेतु 'प्रधानमंत्री-राहत कोष' में धन देने के विषय में अध्यापकों एवं छात्रों के लिए सूचना लिखिए।**

**सालवान पब्लिक स्कूल, दिल्ली**

**सूचना**

दिनांक : 12 मई, 2021 **बाढ़-पीड़ितों के सहायतार्थ**

सभी अध्यापकों व छात्रों को सूचित किया जाता है कि 10 अप्रैल, 2021 को बिहार में आई भयंकर बाढ़ के कारण लाखों लोग बेघर हो गए हैं, रोजगार समाप्त हो गए हैं। आप सबके सहयोग की आशा है। यथासंभव अपना योगदान धनराशि के रूप में 'प्रधानमंत्री-राहत कोष' में जमा करें, जिससे उनकी स्थिति में सुधार लाने हेतु राहत पहुँचाने का कार्य आरंभ किया जा सके। विस्तृत जानकारी के लिए www.biharfloodhelpline.com देखें।

हस्ताक्षर

क.ख.ग

प्रधानाचार्या

# वर्णनात्मक प्रश्न

1. **विद्यालय के सचिव की ओर से 'समय-प्रबंधन' विषय पर आयोजित कार्यशाला के लिए 40-50 शब्दों में सूचना तैयार कीजिए।** **[CBSE 2020]**

उत्तर :

**सनातन धर्म स्कूल, लुधियाना**

**सूचना**

दिनांक : 20 फरवरी, 20XX **समय-प्रबंधन विषय पर आयोजित कार्यशाला**

सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता कि सनातन धर्म स्कूल की ओर से 'समय-प्रबंधन' विषय पर आगामी 16 मार्च तक कार्यशाला आयोजित की जा रही है। कार्यशाला का समय प्रात: दस बजे से दोपहर एक बजे तक रहेगा। इच्छुक छात्र कक्षा-अध्यापिका को अपना नाम लिखवा दें।

हस्ताक्षर

तेजिंदर कुमार

सचिव

**2.** **विद्यालय के हेडबॉय की ओर से 'कक्षा दसवीं के परिणाम' की घोषणा हेतु विद्यार्थियों को सूचित करते हुए सूचना लिखें।** **[CBSE 2014, 12]**

उत्तर :

**केंद्रीय विद्यालय, गुरुग्राम**

**सूचना**

दिनांक : 10 अप्रैल, 2020 **दसवीं के परीक्षा परिणाम**

विद्यालय का हेडबॉय होने के नाते मैं आप सभी छात्रों को सूचित करता हूँ कि आगामी 20 जून को कक्षा दसवीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित होने जा रहे हैं। सभी छात्र अपने अनुक्रमांक के साथ तैयार रहें। सभी को परीक्षा परिणाम हेतु शुभकामनाएँ।

हस्ताक्षर

राहुल वैद्य

स्कूल हेडबॉय

**3.** **विद्यालय के विभागाध्यक्ष होने के नाते कक्षा ग्यारहवीं के छात्रों हेतु विषय चयनित परिचर्चा की सूचना तैयार करें।**

उत्तर :

**केंद्रीय विद्यालय, आगरा**

**सूचना**

दिनांक : 10 मार्च, 2021 **कक्षा ग्यारहवीं में विषय चयन**

विभागाध्यक्ष होने के नाते मैं सभी छात्रों को सूचित करती हूँ कि आगामी 10 जून से विद्यालय में कक्षा ग्यारहवीं के विषय चयनित हेतु परिचर्चा आरम्भ होने जा रही है। सभी छात्रों व अभिभावकों से निवेदन है कि छात्र की योग्यतानुसार ही विषय का चयन करने में सहयता करे। सभी छात्र अपनी कक्षा-अध्यापिका से संपर्क करें।

हस्ताक्षर

सुमिता हाज़रा

विद्यालय विभागाध्यक्ष

## 2. कार्यक्रम के आयोजन अथवा परिवर्तन की सूचना

इस प्रकार की सूचना हेतु हमें निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए-

इस प्रकार की सूचना हेतु कार्यक्रम के आयोजन की तिथि अथवा दिनांक में यदि कोई परिवर्तन हो तो उसे स्पष्ट कर दिया जाना चाहिए ताकि किसी भी प्रकार का संशय न रहे ।

**आवश्यक बिंदु :** उद्देश्य/अवसर की जानकारी, दिनांक, समय/अवधि, स्थान

उदाहरण : **स्कूल में हास्य कवि सम्मेलन के आयोजन हेतु सूचना लिखिए।**

**सती पब्लिक स्कूल**

**बनकोट, उत्तर प्रदेश**

**सूचना**

दिनांक : 09 जनवरी, 2020 **हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन**

आप सभी विद्यार्थियों को यह जानकर अति प्रसन्नता होगी कि हमारे विद्यालय में कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों के लिए एक 'हास्य कवि सम्मेलन' का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शहर के अन्य स्कूलों के विद्यार्थियों को भी आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम इस प्रकार है-

दिनांक : 15 जनवरी, 2020

समय : 4 : 30 सांय

स्थान : सती पब्लिक स्कूल परिसर

कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक सभी विद्यार्थियों से अनुरोध है कि वे अतिशीघ्र 'सांस्कृतिक विभाग' के सचिव से संपर्क करें।

हस्ताक्षर

हिमांशु गर्ग

विभागाध्यक्ष, सांस्कृतिक विभाग

# वर्णनात्मक प्रश्न

**1. आप हिंदी छात्र परिषद् के सचिव प्रगन्य हैं। आगामी सांस्कृतिक संध्या के विषय में अनुभागीय दीवार पट्टिका के लिए 25-30 शब्दों में सूचना तैयार करें।** **[CBSE 2018]**

उत्तर :

**केंद्रीय विद्यालय, दिल्ली**

**सूचना**

दिनांक : 2 मार्च, 20XX **आगामी सांस्कृतिक संध्या**

विद्यालय के सभी छात्रों को सूचित किया जाता है कि मार्च माह में विद्यालय में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जा रहा है। इसमें सांस्कृतिक गीत-संगीत व नृत्य का आयोजन भी किया गया है। इस कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक छात्र संगीत अध्यापिका को अपना नाम लिखवा दें।

हस्ताक्षर

प्रगन्य

सचिव, हिंदी छात्र परिषद्

**2. हरेला मिलन समारोह के आयोजन की सूचना लिखिए।** **[CBSE 2018]**

उत्तर :

**आस्था सोसाइटी**

**झाकट, हरिद्वार**

**सूचना**

दिनांक : 01 मई, 2020 **हरेला मिलन समारोह का आयोजन**

आस्था सोसायटी के सभी गणमान्य सदस्यों को सूचित किया जाता है कि विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी सोसाइटी ने 'हरेला मिलन समारोह' को आयोजित करने का निर्णय लिया है जिसमें सोसाइटी के आसपास तथा सोसाइटी के अंदर फूलों और फलों के पौधों को लगाया जाएगा।

दिनांक : 10 मई, 2020

कार्यक्रम : पौधों का रोपण के बाद जलपान

स्थान : आस्था सोसाइटी

सोसाइटी के सभी लोगों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर पौधारोपण के कार्य में हाथ बढ़ाएँ।

हस्ताक्षर

भावेश आर्य

सदस्य, आस्था सोसाइटी

**3. आप स्कूल में आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता के लिए हिंदी विभाग संयोजक की ओर से 25-30 शब्दों में सूचना लिखिए।** **[CBSE 2019]**

उत्तर :

**बाल भारती स्कूल, बनारस**

**सूचना**

दिनांक : 26 जुलाई, 20XX **वाद-विवाद प्रतियोगिता**

सभी छात्रों को सूचित किया जाता है कि बाल भारती पब्लिक स्कूल में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन संबंधी जानकारी इस प्रकार है—

दिनांक : 15 अगस्त, 20XX

समय : प्रात: 9 बजे

स्थान : स्कूल सभागार

प्रतिभाग : 8 से 10 बच्चे

इच्छुक विद्यार्थी अपना नाम 30 जुलाई, 20XX तक सांस्कृतिक परिषद् के सचित को दें।

हस्ताक्षर

कपिल शर्मा
संयोजक, हिंदी विभाग

**4. @12वें अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक मेले का आयोजन प्रगति मैदान में किया जा रहा है। अपने स्कूल के विद्यार्थियों को इसकी जानकारी देते हुए सूचना-पत्र लिखिए।**

## 3. प्रतियोगिता, भ्रमण, उत्सव, अवकाश, परीक्षा आदि की सूचना

इस प्रकार की सूचना हेतु पाठक को उत्सव, अवकाश, प्रतियोगिता एवं भ्रमण की आवश्यक जानकारी दी जाती है।

**आवश्यक बिंदु :** अवसर की जानकारी, स्थान, उद्देश्य, जागरूकता, अपील, दिनांक/समय, आमंत्रण, शुरुआत/अंत, विशिष्ट निर्देश (जैसे-क्या करें और क्या न करें, संपर्क करने का समय आदि।)

उदाहरण : **आप नाट्यकला परिषद् के सचिव हैं। स्कूल ने अंत: विद्यालय नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया है। अपने स्कूल के विद्यार्थियों को इसकी जानकारी देते हुए एक सूचना-पत्र लिखिए।** **[CBSE 2017]**

**हैपी स्कूल, दरियागंज, नई दिल्ली**

**सूचना**

दिनांक : 20 जनवरी, 20XX **अंत: स्कूल नाटक प्रतियोगिता**

स्कूल के द्वारा आयोजित अंत: स्कूल प्रतियोगिता के लिए आप सभी आमंत्रित हैं।

दिनांक : 5 फरवरी, 20XX
समय : प्रात: 10 बजे

स्थान : स्कूल सभागार

प्रतिभागियों की संख्या : 10

प्रविष्टियाँ प्राप्त करने की अंतिम तिथि : 30 जनवरी, 20XX

दोपहर 2 : 00 बजे तक

हस्ताक्षर

रवि खन्ना/ऋतु कालरा

सचिव
नाट्य कला परिषद्

## वर्णनात्मक प्रश्न

**1. आपका स्कूल ग्रीष्मावकाश में दिल्ली से गोवा की यात्रा का आयोजन कर रहा है। इस यात्रा से संबंधित सूचना-पत्र लिखिए। [CBSE 2017, 16]**

उत्तर :

**लोटस वेली स्कूल, नई दिल्ली**

**सूचना**

दिनांक : 15 अप्रैल, 20XX **दिल्ली-गोवा यात्रा आयोजन**

सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि हमारा स्कूल दिल्ली से गोवा की यात्रा का आयोजन कर रहा है। यात्रा से संबंधित जानकारी इस प्रकार है-

दिनांक : 20 मई से 30 मई तक।

मूल्य : 12,000/-रुपए प्रति विद्यार्थी

योजना : प्रचलित स्थानों पर जाना, समुद्री यात्रा का आनंद, अन्य आकर्षक एवं मनोरंजक गतिविधियाँ।

इच्छुक विद्यार्थी 20 अप्रैल तक अपने नाम कक्षा अध्यापिका को दे दें।

हस्ताक्षर

नमन शर्मा

अध्यक्ष
विद्यार्थी परिषद्

**2. आपके विद्यालय के वार्षिक उत्सव में नाटक मंचन हेतु इच्छुक छात्रों को जानकारी देने हेतु एक सूचना तैयार कीजिए। [CBSE 2019]**

उत्तर :

**डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल**

**सूचना**

दिनांक : 03 अगस्त, 2019 **नाटक मंचन का आयोजन**

इस विद्यालय के सभी छात्रों को सूचित किया जाता है कि विद्यालय के वार्षिक उत्सव में नाटक मंचन किया जाएगा। जो

भी छात्र नाटक में अभिनय करने के इच्छुक हों, वे 03 अगस्त, 2019 को अंतिम दो कक्षा (Period) में स्क्रीन टेस्ट हेतु विद्यालय के सभागार में उपस्थित रहें।

हस्ताक्षर

अवनी शर्मा

छात्र सचिव

3. आप बाल भारती पब्लिक स्कूल, दिल्ली के हिंदी साहित्य परिषद् के अध्यक्ष हैं। आपके स्कूल में होने वाली 'इंटर हाउस हिंदी प्रतियोगिता' के बारे में स्कूल के विद्यार्थियों को जानकारी देने के लिए एक सूचना-पत्र तैयार कीजिए।

4. विद्यालय की सांस्कृतिक संस्था 'रंगमंच की सचिव' 'लतिका' की ओर से 'स्वरपरीक्षा' के लिए इच्छुक विद्यार्थियों को यथासमय उपस्थित रहने की सूचना लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए। समय और स्थान का भी उल्लेख कीजिए। [CBSE 2018]

उत्तर :

सरस्वती विद्या मंदिर, गुड़गाँव

सूचना

दिनांक : 25 जुलाई, 2019 — गायन कार्यक्रम हेतु 'स्वरपरीक्षा'

विद्यालय की सांस्कृतिक संस्था 'रंगमंच' द्वारा आप सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि 3 अगस्त, 2019 को गायन कार्यक्रम हेतु 'स्वरपरीक्षा' विद्यालय सभागार में दोपहर 1 : 00 बजे आयोजित की जाएगी। इच्छुक छात्र समय पर पहुँच जाएँ।

हस्ताक्षर

लतिका

'रंगमंच' सचिव

5. आपके स्कूल ने कश्मीर की सुंदरवादियों की सैर का आयोजन किया है। विद्यार्थियों तक इसकी जानकारी देने के लिए एक सूचना-पत्र तैयार कीजिए।

## 4. नाम परिवर्तन व खोया-पाया की सूचना

इस प्रकार की सूचना में गुम हुए व्यक्ति की पूर्ण जानकारी व अपना पूर्ण पता देना चाहिए ताकि सूचना सही समय व सही स्थान तक पहुँचाई जा सके।

**आवश्यक बिंदु :** वस्तु खोया/पाया, दिनांक, समय, स्थान, कोई पहचान चिह्न (रंग, आकार, सामग्री), किसे संपर्क किया जाए कब और कहाँ।

**आवश्यक बिंदु :** नाम, पता, आवास, कंपनी, बैंक खाता आदि बदलने संबंधी सूचनाओं में निम्न बिंदुओं का होना आवश्यक है–

- बदला हुआ नाम, पता, कंपनी आदि
- संबोधित किए जाने वाले व्यक्ति/संस्था का उल्लेख
- बदलने का कारण
- माता-पिता का नाम

उदाहरण : **आप शांति विद्या निकेतन, प्रशांत विहार, दिल्ली की छात्रा खुशी मेहरा हैं। विद्यालय में आपका परीक्षा प्रवेश-पत्र गुम हो गया है। इस विषय पर 20 से 30 शब्दों में सूचना लिखें।** [CBSE 2016]

शांति विद्या निकेतन, प्रशांत विहार, दिल्ली

सूचना

दिनांक : 03 अगस्त, 2019 — परीक्षा प्रवेश-पत्र गुम हो जाना

सभी को यह सूचित किया जाता है कि 22/07/2019 को विद्यालय के खेल परिसर में मेरा परीक्षा प्रवेश-पत्र गुम हो गया है। इस पर मेरी फोटो के साथ मेरा अनुक्रमांक 2367528 है। यदि यह किसी को भी मिले तो मुझे लौटाने की कृपा करें।

हस्ताक्षर

खुशी मेहरा

कक्षा 10A

# वर्णनात्मक प्रश्न

**1. आप केंद्रीय विद्यालय, मुनिरका, नई दिल्ली के छात्र विवेक उपाध्याय हैं। आपको खेल के मैदान में एक कलाई-घड़ी गिरी हुई मिली थी। इस संबंध में 20-30 शब्दों में एक सूचना लिखिए।** **[CBSE 2017]**

उत्तर :

**केन्द्रीय विद्यालय, मुनिरका, नई दिल्ली**

**सूचना**

दिनांक : 6 जुलाई, 20XX **कलाई-घड़ी प्राप्त होने संबंधी सूचना**

सभी को यह सूचित किया जाता है कि 5 जुलाई, 20XX को विद्यालय के खेल के मैदान में मुझे एक कलाई-घड़ी गिरी हुई मिली थी, जिसे मैंने प्रधानाचार्य के पास जमा कर दिया है। यह घड़ी जिसकी भी है, वह इसकी पहचान बताकर प्रधानाचार्य कक्ष में उनसे इसे प्राप्त कर सकता है।

हस्ताक्षर

विवेक उपाध्याय (छात्र)

कक्षा-9A

**2. आपने अपना नाम अभिलाषा से बदलकर प्रांजल कर लिया है। अपने विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को 20-30 शब्दों में इसकी सूचना दीजिए।** **[CBSE 2016, 14]**

उत्तर :

**केंद्रीय विद्यालय, द्वारका, नई दिल्ली**

**सूचना**

दिनांक : 17 सितंबर, 20XX **नाम बदलने की सूचना**

सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि मैंने अर्थात् कक्षा दसवीं की छात्रा कु. अभिलाषा, सुपुत्री श्रीमती एवं श्रीमान विनय कपूर, निवासी-B ब्लॉक, सेक्टर-10, द्वारका, नई दिल्ली ने प्रशासनिक कारणों से अपना नाम अभिलाषा से बदलकर 'प्रांजल' रख लिया है। भविष्य में 'प्रांजल' नाम का प्रयोग ही मान्य होगा।

हस्ताक्षर

प्रांजल

कक्षा-दसवी 'अ'

**3. बैग की गुमशुदगी की सार्वजनिक सूचना तैयार कीजिए ।**

**4.** गुमशुदा लड़की की तलाश के लिए अखबार में छपा सूचना-पत्र। **[CBSE Sample Paper 2020]**

उत्तर :

सूचना

**गुमशुदा लड़की की तलाश**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पुलिस को एक गुमशुदा लड़की की तलाश है जिसका पता है – अजायब खान निवासी, 161/40 पार शास्त्री अपार्टमेंट, दरियागंज, नई दिल्ली, उम्र- सात साल, कद- 3 फुट 3 इंच, चेहरा-गोल, रंग-गोरा, शरीर- सामान्य, आँखें-काली, बाल-काले व छोटे, लाल रंग की जैकेट और काले-लाल रंग के प्रिंटेड पजामे और पैरों में हरे रंग की प्लास्टिक की हवाई चप्पल पहने हुए है, यह दिनांक 02-07-20XX को हैप्पी स्कूल, दरियागंज क्षेत्र से लापता है। इससे संबंधित कोई भी जानकारी मिलते ही निम्न पते पर सूचित करें—

इंस्पेक्टर/ ए एच टी यू/ दरियागंज/ नई दिल्ली

ई मेल abe@cde.in.com

फैक्स : 01123956738

दूरभाष : 9811100011

01123863421

## 5. निमंत्रण देना (सार्वजानिक कार्यक्रमों के लिए)

इस प्रकार की सूचना में कार्यक्रम हेतु निमंत्रण बनाया जाता है, जिसमें कार्यक्रम की जानकारी आदि दी हो।

**आवश्यक बिंदु :** उद्देश्य/ कार्यक्रमों की जानकारी, दिनांक समय/अवधि, स्थान

उदाहरण : **आप अपने विद्यालय में सांस्कृतिक सचिव हैं। विद्यालय में होने वाली 'कविता-प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रण हेतु 25-30 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए।** **[CBSE 2019]**

अ. ब. स. विद्यालय, अ. ब. स. नगर

सूचना

दिनांक : 02 अगस्त, 20XX

**कविता-प्रतियोगिता**

विद्यालय के सभी कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि 'हिंदी विभाग' की ओर से दिनांक 02 सितम्बर, 20XX को विद्यालय के सभागार में कवि श्रेष्ठ श्री दिनकर की स्मृति में एक 'कविता-प्रतियोगिता' का आयोजन किया जा रहा है। सभी इच्छुक प्रतिभागियों को सूचित किया जाता है कि प्रतियोगिता की तिथि से दो दिन पूर्व अपना नाम अधोहस्ताक्षरी के पास जमा अवश्य करवा दें।

हस्ताक्षर

सांस्कृतिक सचिव

अ. ब. स.

# वर्णनात्मक प्रश्न

**1.** **आप बाल भारती पब्लिक स्कूल, दिल्ली के हिंदी साहित्य परिषद् के अध्यक्ष हैं। आपके स्कूल में होने वाली 'इंटर हाउस हिंदी प्रतियोगिता' के बारे में स्कूल के विद्यार्थियों को आमंत्रित करते हुए एक सूचना-पत्र तैयार कीजिए।**

**[CBSE 2019]**

उत्तर :

बाल भारती पब्लिक स्कूल, दिल्ली

हिंदी साहित्य परिषद्

सूचना

दिनांक : 12 सितंबर, 20XX

अंत: हाउस प्रतियोगिता

'हिंदी साहित्य परिषद्' निम्न प्रतियोगिताओं के लिए प्रतिभागियों का नाम आमंत्रित करती है जिसका आयोजन स्कूल सभागार में 2 अक्टूबर से किया जाएगा।

1. वाद-विवाद प्रतियोगिता 2 अक्टूबर, 20XX प्रात: 11 बजे

2. आशुतोष प्रतियोगिता 3 अक्टूबर, 20XX प्रात: 12 बजे

3. गीत-अभिनीत प्रतियोगिता 4 अक्टूबर, 20XX प्रात: 11 बजे

इन प्रतियोगिताओं के लिए प्रत्येक हाउस से दो-दो प्रतिभागी आमंत्रित हैं। प्रतिभागियों का नाम देने की अंतिम तिथि 27 अक्टूबर है।

देवेश शुक्ला
अध्यक्ष
हिंदी साहित्य परिषद्

**2. विद्यालय की छुट्टियों के दिनों में प्रात:काल में योग की अभ्यास कक्षाओं हेतु छात्रों को आमंत्रित करते हुए सूचना तैयार करें।**

उत्तर :

**शिक्षा-निकेतन विद्यालय, दिल्ली**

**सूचना**

दिनांक : 20 सितंबर, 20XX **योग कक्षाओं का आयोजन**

सभी छात्रों को सूचित किया जाता है कि विद्यालय की ओर से बड़े दिनों की छुट्टियों में 25 दिसंबर से 31 दिसंबर तक प्रतिदिन प्रात: विद्यालय के प्रांगण में योग की कक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है।

इच्छुक छात्र अपना नाम योग-अध्यापिका को लिखवा दें।

हस्ताक्षर
अलका शर्मा
योग अध्यक्ष

**3. आप अपने विद्यालय की छात्र संस्था के सचिव हैं तथा विद्यालय में आयोजित 'चित्रकला प्रतियोगिता ' में छात्रों को आमंत्रित करते हुए सूचना तैयार कीजिए।** **[CBSE 2020]**

उत्तर :

**बाल भारती विद्यालय, आगरा**

**सूचना**

दिनांक : 14 नवंबर, 20XX **चित्रकला प्रतियोगिता**

सभी छात्रों को सूचित किया जाता है कि हमारे विद्यालय की ओर से बाल दिवस के अवसर पर 'चित्रकला प्रतियोगिता' का आयोजन किया जा रहा है। मैं छात्र संस्था का सचिव होने के नाते आप सब छात्रों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु आमंत्रित करता हूँ। आप भाग लेकर अपनी कला का प्रदर्शन करें। इच्छुक छात्र चित्रकला-अध्यापक को अपना नाम लिखवा दें।

हस्ताक्षर
यश कपिल
सचिव (छात्र संस्था)

**4. Ⓐविद्यालय पत्रिका के लिए रचनाएँ आमंत्रित करते हुए एक सूचना-पत्र लिखिए।**

## TOPPER'S CORNER

### वर्णनात्मक प्रश्न

**1.** आपके विद्यालय में एक सप्ताह के लिए 'नेत्र-चिकित्सा' शिविर लगाया जा रहा है, जिसमें नि:शुल्क नेत्र-परीक्षण किया जाएगा। स्थानीय जनता की सूचना के लिए 30 शब्दों में एक सूचना पत्रक लिखिए।

उत्तर

अ. ब. स. विद्यालय

— सूचना —

तिथि : 12 मार्च, 2015
विषय : 'नेत्र-चिकित्सा शिविर'

स्थानीय जनता को यह सूचित किया जाता है कि अ. ब. स. विद्यालय में नेत्र-चिकित्सा शिविर का आयोजन किया है।

शुल्क : नि:शुल्क
दिनांक : 16 मार्च, 2015 से 22 मार्च, 2015
समय : सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक
संपर्क करें : क्ष. त्र. ज्ञ.
फोन नं : 99XXXXXXXX

[CBSE Topper 2015]

**2.** मुहल्ले के पास पार्क में योग की कक्षाएँ लगने और लाभ उठाने की सूचना लगभग 30 शब्दों में लिखिए।

उत्तर

सूचना
अ. ब. स. समिति
योग की कक्षाएँ

8 मार्च 2016

इस मुहल्ले के निवासियों को सूचित किया जा रहा है कि निवासियों के लिए योग की कक्षाएँ प्रारंभ की जा रही हैं :-

स्थान : मयूर पार्क
समय : सुबह 7 बजे से 9 बजे तक
शुल्क : नि:शुल्क
दिनांक : प्रति शुक्रवार और रविवार

कृपया इन कक्षाओं का लाभ उठाएँ ताकि आप सदा स्वस्थ्य रह सकें

क्ष. त्र. ज्ञ
सचिव
अ. ब. स. समिति

[CBSE Topper 2016]